PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Bhaskar, Faridabad
Friday 27th December 2013, Page: 5
Width: 14.10 cms, Height: 7.41 cms, a4, Ref: pmin.2013-12-27.48.59

# मझोले फार्मा शेयरों में तेजी जारी



2.16

फीसदी तक चढ़ गए बीएसई पर गुरुवार को शेयर

रॉयटर्स ▶ मुंबई

भारत की मझोले आकार की फार्मास्युटिकल कंपनियां इन दिनों विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के आकर्षण का खास केंद्र बनी हुई हैं। गुरुवार को इन कंपनियों के शेयरों में अच्छी लिवाली देखी गई। जिसके चलते, बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर इन कंपनियों के शेयरों के भाव दो फीसदी से भी ज्यादा चढ़ गए।

बीएसई पर अरबिंदो फार्मा के शेयर का भाव दिन में 414.40 रुपये के स्तर तक चढ़ने के बाद शाम को मंगलवार की तुलना में 0.79 फीसदी की बढ़त के साथ 402.80 रुपये पर बंद हुआ। हालिया आठ सत्रों के दौरान इस शेयर में 36 फीसदी के करीब की बढ़त हो चुकी है। साथ ही, वोकहार्ट का शेयर भी 2.16 फीसदी की बढ़त के साथ 435.45 रुपये पर बंद हुआ। हालिया छह सत्रों में यह शेयर 28 फीसदी की बढ़त ले चुका है। बीएसई पर इप्का लैब का शेयर 1.15 फीसदी बढ़कर 729.35 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि, सन फार्मा को छोड़कर अधिकांश बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट के चलते बीएसई का हेल्थकेयर इंडेक्स 0.30 फीसदी टूट गया। एक स्थानीय ब्रोकरेज हाउस के डीलर के मुताबिक, डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर होने और आय के स्रोतों में विविधता के चलते मझोले दर्जे की फार्मा कंपनियों के शेयरों में एफआईआई का निवेश बढ़ा हुआ है।

Ind.